PUBLICATION NAME : Dainik Nai Duniya

EDITION : Bhopal

DATE : 20-11-2021

PAGE : 07

खास खबरें

ईडीआईआई को कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय ने दी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की मान्यता

भोपाल। एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ;ईडीआईआईद्ध को देश के स्किलिंग ईकोसिस्टम के क्षेत्र में भारत सरकार द्वारा ष्सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ;सीओईद्ध के रूप में मान्यता दी गई है। इस संबंध में कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय ;एमएसडीईद्ध द्वारा एक आधिकारिक राजपत्र अधिसूचना जारी की गई है। मंत्रालय द्वारा कई मापदंडों पर संस्थान की गहन जांच के बाद दी गई मान्यता शुरू में पांच साल के लिए वैध होगी। एमएसडीई द्वारा जारी सीओई की मान्यता दिशानिर्देशों के अनुसार एक ष्सेंटर ऑफ एक्सीलेंसष् एक ऐसा निकाय हैए जो तेजी से उभरती टैक्नोलॉजी पर विशेष ध्यान देने के साथ विशिष्ट क्षेत्रों के लिए नेतृत्वए सर्वोत्तम अभ्यासए अनुसंधान और विकास सहायताए प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण और कौशल प्रशिक्षण प्रदान करता है। इसका अर्थ है ऐसा निकाय जहां उच्चतम मानकों को बनाए रखा जाता है। ईडीआईआई को स्किलिंग ईकोसिस्टम में एक उत्कृष्टता केंद्र के रूप में मान्यता दी गई है। यह उद्योगए शिक्षाविदों और सरकारों के साथ सहयोगात्मक तरीके से काम करने वाला वन.स्टॉप राष्ट्रीय संसाधन केंद्र है। यह नए उद्यम निर्माण और रोजगार ब?ने को सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षण और दक्षता प्रदान करता हैए उभरते कौशल अंतराल को दूर करता है और उद्योग की जरूरतों से मेल खाने वाले नवाचारों के लिए अनुसंधान करता है।